देखभाल तथा अवसर के लिए योजना

और अधिक चाइल्ड केयर, और अधिक विकल्प

छोटे बच्चों वाले परिवारों के लिए, चाइल्ड केयर तक पहुँच बहुत महत्त्वपूर्ण है। जब अधिक माता-पिता को किफायती चाइल्ड केयर तक पहुँच प्राप्त होती है, वह काम पर वापस जाने का चयन कर सकते हैं। इस बजट में, ओंटारियो और अधिक परिवारों के लिए चाइल्ड केयर तक पहुंच को बढ़ाने तथा वहन करने की योग्यता को बढ़ाने के लिए तीन सालों में $2.2 बिलियन से अधिक का अतिरिक्त निवेश कर रहा है।

स्कूल से पहले तथा बाद की देखभाल

स्कूल बोर्डों से अधिकतर प्राथमिक स्कूलों में प्रोग्राम मुहैया करने की माँग करके 12 साल तक की उम्र के बच्चों वाले परिवारों को स्कूल से पहले तथा बाद के देखभाल प्रोग्रामों तक बेहतर पहुँच करना।

नि:शुल्क प्रीस्कूल चाइल्ड केयर

ढाई साल की उम्र के बच्चों के लिए उनके किंडरगार्टन के लिए योग्य हो जाने तक प्रीस्कूल चाइल्ड केयर को नि:शुल्क बना कर परिवारों के लिए और अधिक किफायती गुणवत्ता वाली, चाइल्ड केयर मुहैया करना, उन बचतों को बढ़ाते हुए जो परिवार फुल-डे किंडरगार्टन से प्राप्त करते हैं।

और अधिक चाइल्ड केयर स्थान

100,000 से अधिक बच्चों को उच्च गुणवत्ता वाली चाइल्ड केयर तक पहुँचने में सहायता करना - तथा सारे नए स्थानों में से लगभग 60 प्रतिशत के लिए अनुवृत्तियों के साथ परिवारों के लिए अतिरिक्त माली सहायता पेश करना।

नि:शुल्क प्रीस्कूल

ओंटारियो:

- सितंबर 2020 में शुरूआत करके, ढाई साल की उम्र के बच्चों के लिए उनके किंडरगार्टन के लिए योग्य हो जाने तक प्रीस्कूल चाइल्ड केयर को पूरी तरह से नि:शुल्क बना कर परिवारों के लिए प्रति बच्चे के लिए औसतन $17,000 बचा रहा है।
- उचित सामर्थ्य होने को सुनिश्चित करने कि लिए स्कूलों में 10,000 प्रीस्कूल चाइल्ड केयर स्थानों तथा समुदाय में आधारित 4,000 स्थानों का निर्माण करने के लिए अगले छे सालों में $534 मिलियन का निवेश कर रहा है।
- सारे प्रांत में 45,000 नए लाइसेंस वाले चाइल्ड केयर स्थान सिरजने के लिए पाँच सालों में पूंजी निधीकरण में $1.6 बिलियन का निवेश कर रहा है।

पहुँच को बढ़ाना तथा चाइल्ड केयर प्रणाली को सुधारना

ओंटारियो:

- और अधिक ओंटारियो परिवारों के लिए चाइल्ड केयर तक पहुंच को बढ़ाने तथा वहन करने की योग्यता को बढ़ाने के लिए तीन सालों में अतिरिक्त $2.2 बिलियन प्रदान कर रहा है।
- फर्स्ट नेशन समुदायों में 1,800 से अधिक बच्चों तथा परिवारों के लिए सुधरी हुई, सांस्कृतिक रूप से उचित चाइल्ड केयर तथा चाइल्ड तथा फैम्ली प्रोग्राम मुहैया कर रहा है।
- फर्स्ट नेशन समुदायों के लिए रिज़र्व पर नए तथा मौजूदा चाइल्ड केयर प्रोग्रामों के लिए तीन सालों में $40 मिलियन का अतिरिक्त निधीकरण मुहैया कर रहा है।
- उनके वेतन में वृद्धि करके तथा नौकरी पर रखने, नौकरी पर बनाए रखने तथा व्यावसायिक विकास में निवेश करके चाइल्ड केयर पेशेवरों को सहारा दे रहा है।

  यह गारन्टी करने के लिए वेतन संबंधी ग्रिड की विकास कर रहा है कि उच्च गुणवत्ता वाली चाइल्ड केयर का काम में लगे हुए तथा जानकार शिक्षकों द्वारा प्रदान किए जाना जारी रहता है।